प्रादेशिक समाचार

दिनांक–20.12.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य सरकार ने 10 बीज ग्राम की स्थापना का लिया निर्णय, कृषि विभाग ने पश्चिमी सिंहभूम, चतरा और लातेहार के गांवों के साथ किया एमओयू।
2. इडी अधिकारियों पर रिश्वतखोरी के आरोप से जुड़े मामले में झारखंड हाईकोर्ट के आदेश को राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती।
3. देशभर के आइआइएम में प्रवेश के लिए कैट ने जारी किया रिजल्ट, जमशेदपुर के ऋत्विक को मिले 99 दशमलव आठ–आठ परसेंटाइल।
4. राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में आज बारिश के आसार, मौसम विभाग ने 21 और 22 दिसंबर को कुहासे को लेकर जारी किया येलो अलर्ट। और,
5. जमशेदपुर में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में आज अंकिता भक्त और दीपिका कुमारी के बीच स्वर्ण पदक के लिए होगा मुकाबला।

**********

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामण के नेतृत्व में आज जैसेलमेर में बजट पूर्व चर्चा और जीएसटी काउंसिल की बैठक होगी। बैठक में सभी राज्यों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। बैठक में भाग लेने झारखंड की ओर से वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और वित्त सचिव प्रशांत कुमार जैसेलमेर पहुंच चुके हैं। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बताया कि दोनों बैठकों में झारखंड अपना पक्ष मजबूती से रखेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से एक लाख छत्तीस हजार करोड़ रुपये बकाया का भुगतान करने की मांग केन्द्रीय वित्त मंत्री के समक्ष रखी जायेगी।

**********

राज्य में 10 बीज ग्राम की स्थापना होगी। इसके लिए कृषि विभाग ने पश्चिमी सिंहभूम, चतरा और लातेहार के दस गांवों के साथ एमओयू किया है। रांची में कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने यह जानकारी दी। कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य में अच्छे बीज की हमेशा से कमी रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग ने 10 अलग–अलग गांवों को बीज ग्राम के तौर पर विकसित करने का निर्णय लिया है।

**********

इडी अधिकारियों पर रिश्वतखोरी के आरोप से जुड़े मामले में झारखंड हाईकोर्ट के आदेश को राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। हाईकोर्ट में इडी की याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से इस मामले की जानकारी न्यायालय को दी गयी। इसके बाद न्यायाधीश संजय कुमार द्विवेदी ने अगले आदेश तक इस मामले में स्टे आर्डर जारी रखने का निर्देश दिया। हाईकोर्ट में मामले की अगली सुनवाई 11 फरवरी को होगी। गौरतलब है कि झारखंड हाईकोर्ट ने

इस मामले में पुलिस जांच पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट के इसी आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गयी है।

**********

देशभर के आइआइएम में प्रवेश के लिए आयोजित कैट परीक्षा 2024 के परिणाम जारी कर दिये गये हैं। जमशेदपुर के ऋत्विक राज को 99 दशमलव आठ–आठ परसेंटाइल अंक प्राप्त हुए हैं जबकि धनबाद के अनन्य मनोहर को 99 दशमलव आठ शून्य और रांची के आदित्यनाथ मिश्रा को 99 दशमलव पांच नौ परसेंटाइल अंक मिले हैं।

**********

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनूठे संवाद कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा की आठवीं कडी अगले महीने आयोजित होगी। कार्यक्रम के लिए माई जीओवी पोर्टल पर पंजीकरण शुरू हो चुका है और यह 14 जनवरी तक चलेगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य परीक्षा का तनाव कम करना तथा विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को इस अवसर को उत्सव की तरह मनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

**********

पश्चिमी सिंहभूम जिले में बालू के अवैध खनन, भंडारण और परिवहन के विरुद्ध व्यापक अभियान शुरु किया गया है।

**********

राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में आज बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार आसमान में बादल होने के कारण 21 और 22 दिसंबर को विभिन्न क्षेत्रों में घना कुहासा छाया रहेगा। इसे लेकर विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। रांची स्थित मौसम

विज्ञान केन्द्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि बादल छाने के साथ ही न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी दर्ज की जायेगी।

**********

जमशेदपुर में जारी सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में आज टाटा अकादमी की अंकिता भगत और पूर्व टीएए कैडेट दीपिका कुमारी के बीच स्वर्ण पदक के लिए मुकाबला होगा। महिला रिकर्व श्रेणी में एलिमिनेशन राउंड कल से शुरु हुआ, जिसमें 64 तीरंदाजों ने प्रतिस्पर्धा की। अंकिता भक्त का शानदार प्रदर्शन जारी है। एलिमिनेशन राउंड में भजन कौर और कोमलिका बारी सहित अकादमी के अन्य तीरंदाजों ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

**********

पाकिस्तान की मेजबानी में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर जारी गतिरोध खत्म हो गया है। दुबई में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद–आईसीसी ने घोषणा की कि भारत 50 ओवर के इस टूर्नामेंट में अपने मैच मेजबान पाकिस्तान की जगह किसी तटस्थ स्थान पर खेलेगा।

**********

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने संसद परिसर में सांसदों के बीच हुई धक्का–मुक्की की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है–संसद परिसर में धक्का–मुक्की, राहुल पर एफआईआर।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– शर्मनाक–संसद में सांसद भिड़े।

दैनिक जागरण के शब्द हैं–धक्का–मुक्की तक पहुंचा आंबेडकर पर सियासी संग्राम।

प्रभात खबर लिखता है– निकाय चुनाव नहीं होने से केन्द्र ने झारखंड का अनुदान रोका।

रांची एक्सप्रेस ने लिखा है– झारखंड में दस बीज ग्राम की होगी स्थापना।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने भी संसद परिसर में सांसदों के बीच धक्का मुक्की की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

********समाप्त********